an>

Title: Need to develop sites of mythological importance as tourist destinations in Lalganj Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्रीमती नीलम सोनकर (लालगंज) ः मैं आजमगढ़ जनपद के लालगंज लोकसभा से चुनकर आती हूँ, जो पूर्वांचल के केंद्र में स्थित है जिसका पौराणिक दृष्टि से महाभारत और रामायण काल से गहरा संबंध है, वेद-पुराण जिसकी चर्चा करते हैं। यहां ऐसे सिद्ध प्रसिद्ध धार्मिक-पौराणिक स्थल हैं, जहां देश-विदेश से लोग दर्शन पूजन और पर्यटन के लिए आते हैं। उल्लेखनीय है कि ब्रह्मा, विष्णु, महेश के अवतार क्रमशः चन्द्रमा ऋषि, दत्तात्रेय ऋषि और दुर्वासा ऋषि की तपोस्थली है, जो उन्हीं के नाम से प्रसिद्ध है। राजा जनमेजय की यज्ञ भूमि अवंतिका धाम, शीतला माता- निज़ामाबाद, पल्हना माता-पल्हना का सिद्ध देवी मंदिर और भैरव बाबा मंदिर महाराजगंज ये अत्यंत ही प्राचीन स्थल लोगों की आस्था के केंद्र हैं।

मैं भारत सरकार से मांग करती हूं कि पौराणिक महत्व के इन स्थानों और वहां स्थित सरोवरों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाये, जिससे प्राचीन भारतीय संस्कृति, आस्था के केंद्रों का संरक्षण, विकास और रोज़गार के अवसर का सृजन हो सके।